# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# UPSSSC

## सम्मिलित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक एवं सहायक स्तर-III एवं स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक)

# मुख्य परीक्षा

## प्रैक्टिस बुक


**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**संकलन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने ओम साईं ऑफसेट, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।



इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**


**₹ 195/-**

# विषय-सूची


- प्रैक्टिस सेट-1 ........ 5-16
- प्रैक्टिस सेट-2 ........ 17-29
- प्रैक्टिस सेट-3 ........ 30-41
- प्रैक्टिस सेट-4 ........ 42-53
- प्रैक्टिस सेट-5 ........ 54-65
- प्रैक्टिस सेट-6 ........ 66-78
- प्रैक्टिस सेट-7 ........ 79-90
- प्रैक्टिस सेट-8 ........ 91-103
- प्रैक्टिस सेट-9 ........ 104-116
- प्रैक्टिस सेट-10 ........ 117-129
- प्रैक्टिस सेट-11 ........ 130-141
- प्रैक्टिस सेट-12 ........ 142-153
- प्रैक्टिस सेट-13 ........ 154-166
- प्रैक्टिस सेट-14 ........ 167-179
- प्रैक्टिस सेट-15 ........ 180-192

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

## परीक्षा योजना

परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, निर्धारित कुल अंक और दिया गया समय नीचे दिये गये विवरण के अनुसार होगा-

| **क्रमांक** | **विषय** | **प्रश्नों की संख्या** | **निर्धारित कुल अंक** | **समयावधि** |
|---|---|---|---|---|
| भाग-1 | हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता | 30 | 30 | 120 मिनट (दो घण्टा) की अवधि का संयुक्त प्रश्न पत्र |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 15 | 15 | |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| भाग-4 | कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान | 15 | 15 | |
| भाग-5 | उत्तर प्रदेश से संबंधित सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| | योग | 100 | 100 | |

**नोट**–_उपर्युक्त परीक्षा हेतु निगेटिव मार्किंग (ऋणात्मक अंक) दिये जाने का प्राविधान है, जो सही प्रश्न के अंक का 25 प्रतिशत अर्थात ¼ होगा।

## नवीनतम पाठ्यक्रम 2023

**भाग-1 हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता**

उम्मीदवारों से हिन्दी भाषा का ज्ञान तथा उनके समझ एवं लेखन की योग्यता के परीक्षण हेतु प्रश्न पूछे जायेंगे। (यह प्रश्न पत्र माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0 के इण्टरमीडिएट परीक्षा के स्तर का होगा)

**भाग-2 सामान्य बुद्धि परीक्षण**

इस परीक्षण का उद्देश्य किसी नई परिस्थिति के समझने उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण तथा पहचान करने तथा तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न होंगे जो अनुदेशों को समझने, संबंधों, समानताओं तथा संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने और इसी प्रकार की बौद्धिक क्रियाओं पर आधारित होंगे।

**भाग-3 सामान्य जानकारी**

प्रश्न पत्र का यह भाग उम्मीदवारों की चारों ओर के वातावरण के बारे में उसकी सामान्य जानकारी तथा समाज में उसके इस्तेमाल के बारे में उसकी योग्यता के आंकने के लिए है। इस परीक्षण में ऐसे प्रश्न भी रखे जायेंगे जिनसे ऐसी समसामयिक घटनाओं तथा प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों जिनमें ऐतिहासिक एवं भौगोलिक तथ्य भी सम्मिलित हो सकते है। (विशेष कर भारत से संबंधित) एवं उनके वैज्ञानिक पहलुओं का ज्ञान आंका जा सके, जिसकी किसी भी शिक्षित व्यक्ति से आशा की जा सकती है।

**भाग-4 कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी की अवधारणाओं एवं इस क्षेत्र में समसामयिक प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार का ज्ञान**

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से कम्प्यूटर एवं सूचना तकनीकी का परिचय, हार्डवेयर, साफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, स्प्रेडशीट, ई-मेल, सोशल नेटवर्किंग, ई-गवर्नेंस की जानकारी, डिजिटल वित्तीय उपकरण और अनुप्रयोग, इण्टरनेट एवं वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) का परिचय, भविष्य के कौशल और साइबर सुरक्षा का अवलोकन, वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व तथा कम्प्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र मे होने वाले तकनीकी विकास एवं नवाचार (आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, बिग डेटा प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग, इण्टरनेट ऑफ थिंग्स) पर आधारित एवं इस क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे।

**भाग-5 उत्तर प्रदेश राज्य से संबंधित सामान्य जानकारी**

प्रश्न पत्र के इस भाग में उम्मीदवारों से उत्तर प्रदेश का विशिष्ट ज्ञान- इतिहास, संस्कृति, कला, वास्तुकला, त्योहार, लोक नृत्य, साहित्य, क्षेत्रीय भाषायें, विरासत, सामाजिक रीति रिवाज और पर्यटन, भौगोलिक परिदृश्य एवं पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधन, जलवायु, मिट्टी, वन, वन्यजीव, खान और खनिज, उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था, कृषि, उद्योग, व्यवसाय और रोजगार, राजव्यवस्था एवं प्रशासन तथा समसामयिक घटनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश राज्य की उपलब्धियों पर आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे।

उक्त परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम विज्ञापन संख्या- 08-परीक्षा 2022, सम्मिलित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/08 के अंतर्गत विज्ञापित कनिष्ठ सहायक/कनिष्ठ लिपिक के पदों पर चयन हेतु प्रभावी होगा। अतः उक्त विज्ञापन के प्रस्तर-10 को उपर्युक्तानुसार संशोधित समझा जाये।

# PRACTICE SET - 1

## हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता

**1. 'जगदीश' शब्द की सही संधि होगी–**
(a) जगत + ईश (b) जगत् + ईश
(c) जगद् + ईश (d) जगद + ईश

**2. जो हर समय दूसरों की बुराइयाँ खोजता हो, उसे कहते हैं**
(a) परनिन्दक (b) सर्वनिन्दक
(c) छिद्रान्वेषी (d) आलोचक

**3. 'अनिल–अनल' का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म है–**
(a) वायु–अग्नि (b) अग्नि–वायु
(c) हवा–पानी (d) आग–पानी

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'हंस' की जगह प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है?**
(a) सूर्य (b) योगी
(c) श्वेत (d) अमृत

**5. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची है?**
(a) अवलेख (b) अर्णव
(c) पावक (d) उरग

**6. 'साहचर्य' का विलोम शब्द है –**
(a) वैमनस्य (b) असहयोग
(c) विनियोग (d) अलगाव

**7. 'प्रामाणिक' शब्द के मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है**
(a) प्रमाण + ईक (b) प्रमाण + इक
(a) प्रा : माणिक (b) प्रमा + आणिक

**8. 'तिलक' किस प्रकार का शब्द है?**
(a) तत्सम (b) तद्भव
(c) देशज (d) संकर

**9. 'राजा <u>सेवक को</u> कम्बल देता है', वाक्य में रेखांकित पद में कौन-सा कारक है?**
(a) सम्प्रदान कारक (b) कर्त्ता कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्बन्ध कारक

**10. कारक के भेद हैं -**
(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

**11. 'राम आम खाता है' में वाच्य का कौन–सा रूप है?**
(a) कर्मवाच्य (b) भाववाच्य
(c) उभयवाच्य (d) कर्तृवाच्य

**12. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा वचन का जोड़ा सही नहीं है?**
(a) सोना-सोना (b) धेनु-धुनुएँ
(c) छात्र–छात्रगण (d) आटा-आटे

**13. इनमें से कौन पुल्लिंग नहीं है?**
(a) बचपन (b) वायु
(c) समुद्र (d) कम्बल

**14. वे शब्द जिन पर लिंग, वचन, पुरुष और काल का प्रभाव नहीं पड़ता, उन्हें कहते हैं-**
(a) क्रिया (b) अव्यय
(c) विशेषण (d) संज्ञा

**15. 'दृश्य बहुत ही <u>मनोरम</u> था।' वाक्य के रेखांकित शब्द का विशेषण भेद है–**
(a) गुणवाचक विशेषण (b) परिमाणवाचक विशेषण
(c) संख्यावाचक विशेषण (d) इनमें से कोई नहीं

**16. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शुद्ध है?**
(a) कवियित्री (b) कवयित्री
(c) कवीयित्री (d) कवयीत्री

**17. माता पिता दोनों प्रसन्न थे- इस वाक्य में 'माता-पिता' के मध्य कौन-सा विराम चिह्न लगेगा?**
(a) अल्प विराम (b) अद्रव विराम
(c) योजक चिह्न (d) निदेशक चिह्न

**18. निम्न में से कौन-सा शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है?**
(a) उत्क्षिप्त (b) पार्श्विक
(c) सघोष (d) ऊष्म

**19. हिंदी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म 'आलम आरा' किस वर्ष में रिलीज हुई थी?**
(a) 1930 (b) 1947
(c) 1931 (d) 1990

**20. 'अन्धा युग' किसकी रचना है?**
(a) गोपेश (b) धर्मवीर भारती
(c) जयप्रकाश भारती (d) शैलेश मटियानी

**निर्देश-दिये गए निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

लक्ष्मण ने अकृत्रिम भ्रातृस्नेह के कारण बड़े भाई का साथ दिया। उन्होंने राज-पाठ छोड़ कर अपना शरीर रामचंद्र को अर्पण किया। यह बहुत बड़ी बात है पर उर्मिला ने इससे भी बढ़कर आत्मोत्सर्ग किया। उसने अपनी आत्मा की अपेक्षा अधिक प्यारा अपना पति राम-जानकी के लिए दे डाला और यह आत्मसुखोत्सर्ग उसने तब किया जब उसे ब्याह कर आये हुए कुछ ही समय हुआ था। उसने अपने सांसारिक सुख के सबसे अच्छे अंश से हाथ धो डाला। जो सुख विवाहोत्तर उसे मिलता उसकी बराबरी 14 वर्ष पति-वियोग के बाद का सुख कभी नहीं कर सकता। नवोढ़त्व को प्राप्त होते ही जिस उर्मिला ने रामचंद्र और जानकी के लिए अपने सुख-सर्वस्व पर पानी डाल दिया उसी के लिए अंतर्दर्शी आदि कवि के शब्द-भण्डार में दरिद्रता!

**21. लक्ष्मण राम के साथ वनवास के लिए क्यों गए?**
(a) रामचंद्र की सेवा के लिए।
(b) पिता की आज्ञा के कारण।
(c) भाई के प्रति अत्यधिक प्रेम के कारण।
(d) उर्मिला से दूर जाने के लिए।

22. **लेखक को क्या दुःख है?**
(a) रामचंद्र राज-पाट छोड़कर वनवास को चले गए।
(b) लक्ष्मण भी भाई राम के साथ वनवास को चले गए।
(c) उर्मिला का लक्ष्मण से वियोग हो गया।
(d) रचनाकारों ने उर्मिला के विषय में कुछ नहीं लिखा।

23. **उर्मिला ने क्या बलिदान नहीं दिया?**
(a) लक्ष्मण से विवाह किया।
(b) अपनी बहन सीता का वियोग सहा।
(c) लक्ष्मण को रामचंद्र के साथ वनवास के लिए जाने दिया।
(d) सांसारिक सुखों का त्याग किया।

24. **निम्नलिखित में से कौन-सा अनौपचारिक पत्र का उदाहरण है?**
(a) मोहल्ले में बिजली की समस्या के लिए जिलाधिकारी को लिखा गया पत्र
(b) बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को लिखा गया पत्र
(c) गाँव में पुस्तकालय खुलवाने हेतु जिला परिषद् के अध्यक्ष को लिखा गया पत्र
(d) प्रधानाचार्य को दो दिनों के अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र

25. **''आटे-दाल का भाव मालूम होना'' मुहावरे का उचित अर्थ पहचानिये।**
(a) मुसीबत में पड़ना
(b) कंगाल होना
(c) घर में राशन लाना
(d) कष्ट का अनुभव होना

26. **''सो सिवधनु मृनाल की नाई।**
**तोरहूँ राम गणेन गोसाई।**
**इस पंक्ति में किस अलंकार का प्रयोग है?**
(a) विभावना (b) वक्रोक्ति
(c) अर्थन्तरन्यास (d) उपमा

27. **अखियाँ हरि दरसन की भूखी।**
**कैसे रहें रूप रस राँची, ए बतियाँ सुनि रूखीं।**
**उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा रस है?**
(a) वीर रस (b) वियोग शृंगार रस
(c) शान्त रस (d) संयोग शृंगार रस

28. **निम्नलिखित में से सही वाक्य चुनिए –**
(a) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं।
(b) आपका पत्र सधन्यवाद मिला।
(c) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं।
(d) बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है।

29. **अष्टाध्यायी शब्द में कौन-सा समास है।**
(a) बहुव्रीहि (b) द्विगु
(c) कर्मधारय (d) तत्पुरुष

30. **'जिसके पास कुछ भी न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द है–**
(a) अकिंचन (b) किंचित्
(a) आकुंचन (b) अलभ्य

## सामान्य बुद्धि परीक्षण

31. **नीचे दिए गए बयान के बाद I और II लेबल किए गए दो निष्कर्ष निकाले जाते हैं। यह मानकर कि कथन में जानकारी सत्य हैं, भले ही सामान्य स्थापित तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, सुनिश्चित करें कि कौन सा (से) निष्कर्ष तार्किक रूप से तथा निश्चित रूप से कथन में दी गई जानकारी से परिणाम निकालता (ते) है (हैं)?**
**कथन :** सभी कुत्ते शेर हैं।
सभी शेर बिल्लियाँ हैं।
**निष्कर्ष**
I : सभी कुत्ते बिल्लियाँ हैं।
II : कुछ बिल्लियाँ कुत्ते हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I परिणाम देता है।
(b) केवल निष्कर्ष II परिणाम देता है
(c) दोनों निष्कर्ष परिणाम देते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II परिणाम देता है।

32. **एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक संख्या लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करे।**
**-7, -3, ?, 8, 15**
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 5

33. **नीचे दिये गये एक बयान से I और II नंबर के दो तर्क निकाले जाते हैं/जाता है। आपको यह सुनिश्चित करना है कि कौन सा तर्क 'मजबूत' तर्क है?**
**कथन :**
क्या सरकार को प्लास्टिक के उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए?
**तर्क :**
**I :** हाँ इससे सरकार का राजस्व बढ़ेगा।
**II :** नहीं, इस निर्णय से प्लास्टिक उद्योग से होने वाले प्रदूषण के लिए रास्ता खुलेगा।
(a) केवल I मजबूत है
(b) केवल II मजबूत है
(c) न तो I और न ही II मजबूत है।
(d) I और II दोनों ही मजबूत हैं।

34. **निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द दी गयी सूची के प्रवृत्ति का अनुकरण करता है?**
**Animate, Aerate, Caste, Setup, Items, ?**
(a) Attack (b) Batch
(c) Tough (d) Cutter

35. **दिए गए वेन आरेख में, उस समूह को पहचानिए जो उन अभिनेताओं को निरूपित करता हो जो गायक है लेकिन इंजीनियर नहीं है।**




(a) A (b) B
(c) C (d) D

**36. रोहित, रोहन और रानी तीन दोस्त प्रशासनिक कार्यालय में अपने फीस के भुगतान के लिए कतार में खड़े हैं। रोहित कतार के आरंभ की 9 वीं जगह पर खड़ा है। रानी अंत से 14 वीं जगह पर है। रोहन और रानी के बीच 4 छात्र हैं और रोहन और रोहित के बीच 5 छात्र हैं। अगर रानी आरंभ से 20 वीं जगह पर है, तो कतार की अंत से रोहन का स्थान है**

(a) 24 वाँ (b) 19वाँ
(c) 18वाँ (d) 9वाँ

**37. बायीं ओर एक पैटर्न के साथ एक आकृति दी गई है। ध्यानपूर्वक देखिए और बताइए कि दायीं ओर के तीन चित्रों में से कौन इस पैटर्न के दाएँ अर्द्ध हिस्से के समान दिखाई पड़ता है?**



(a) 1/1 (b) 2/2
(c) 3/3 (d) 2 और 3 दोनों

**38. नीचे एक कथन के साथ तीन कार्यवाहियाँ दी गई हैं, जिन्हें I, II और III का नाम दिया गया है। कथन को ध्यानपूर्वक पढ़े और तय करें कि कौनसी कार्यवाही/कार्यवाहियाँ दिए गए कथन का अनुसरण करती है/हैं?**

**कथन :** प्रति वर्ष, बड़ी संख्या में लोग दूषित जल पीने से मर जाते हैं।

कार्यवाहियाँ :

**I.** सरकार को तुरंत प्रभावितों को वित्तीय सहायता प्रदान करनी चाहिए।
**II.** लोगों को उपभोग के लिए शुद्ध जल का उपयोग करने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए।
**III.** लोगों को जल पीना बंद कर देना चाहिए।

(a) केवल I अनुसरण करती है
(b) केवल II अनुसरण करती है
(c) I और II दोनों अनुसरण करती हैं।
(d) II और III दोनों अनुसरण करती हैं

**39. यदि कोई पानी की टंकी $\frac{3}{16}$ भाग 15 मिनटों में भारता है, तो बाकी टंकी कितने मिनटों में भरेगी?**

(a) 61 मिनट (b) 65 मिनट
(c) 79 मिनट (d) 81 मिनट

**40. 4 बच्चों की आयु का योग 60 वर्ष है और उनके जन्म में 4–4 वर्ष का अन्तर है। सबसे छोटे बच्चे की आयु बताइए?**

(a) 7 वर्ष (b) 9 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 12 वर्ष

**41. बैगनी (Purple) के सामने कौन-सा रंग है?**




(a) बैगनी (b) लाल
(c) पीला (d) नीला

**42.**

| | | |
|---|---|---|
| 13 | 15 | 12 |
| 02 | 04 | 05 |
| 04 | 05 | 08 |
| 30 | 65 | ? |

(a) 64 (b) 68
(c) 69 (d) 65

**43. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़े। आपको कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वमान्य तथ्यों से अलग प्रतीत होते हो और आपको यह चयन करना है कि कौन सा/से निष्कर्ष यथोचित से परे तर्कसंगत रूप से कथनों का अनुसरण करता है/करते हैं?**

**कथन :**
**I.** सभी ग्रह तारे हैं।
**II.** सभी तारे चन्द्रमा हैं

**निष्कर्ष :**
**I.** कुछ तारे ग्रह हैं।
**II.** कुछ चंद्रमा ग्रह हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(c) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।
(d) दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

**44. निम्नलिखित चित्र में से कौन सा तृणभक्षियों, बाघों और जानवरों के बीच सही संबंध दर्शाता है**




**निर्देशः निम्नलिखित प्रश्न में एक या दो वक्तव्य दिये गये हैं, जिसके आगे दो निष्कर्ष/मान्यताएँ I और II निकाले गये हैं। आपको विचार करना है कि वक्तव्य सत्य है चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो। आपको निर्णय करना है कि दिए गए वक्तव्य में से कौन–सा निश्चित रूप से सही निष्कर्ष/मान्यता निकाला जा सकता है?**

**45. कथन :**
**I.** गुणवत्ता का एक मूल्य होता है।
**II.** भारत शिक्षा के लिए काफी धन का आवंटन कर रहा है।

**निर्णय :**
**I.** भारत में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।
**II.** केवल निधीयन से ही शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I और II दोनों सही है।
(d) न तो निष्कर्ष I सही है और ना ही II सही है।

## सामान्य जानकारी

**46. 'जोर्वे कल्चर' एक चालकोलिथिक पुरातात्विक स्थल था, जो वर्तमान समय में निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में स्थित है?**
(a) महाराष्ट्र (b) असम
(c) गुजरात (d) बिहार

**47. कैवल्य कौन-से धर्म से सम्बन्धित है?**
(a) बौद्ध (b) जैन
(c) हिन्दू (d) सिक्ख

**48. हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) का गठन —— वर्ष में अंग्रेजों को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से किया गया था।**
(a) 1921 (b) 1922
(c) 1930 (d) 1928

**49. जिस समय भारत को स्वतन्त्रता प्राप्त हुई उस समय इंग्लैंड का प्रधानमंत्री कौन था?**
(a) एटली (b) माउंटबेटन
(c) वेवेल (d) चर्चिल

**50. देवमाली______की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है।**
(a) पश्चिम बंगाल (b) असम
(c) बिहार (d) ओडिशा

**51. केरल में समुद्री तट की रेत में भरपूर मात्रा में क्या पाया जाता है?**
(a) कैल्शियम (b) रेडियम
(c) थोरियम (d) मैंगनीज

**52. संविधान की प्रारूप समिति की अध्यक्षता किसने की?**
(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) वी. पी. मेनन (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**53. यदि किसी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची से निकालना हो तो ऐसा करने की शक्ति किसे प्राप्त है?**
(a) राष्ट्रपति
(b) संसद
(c) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
(d) संघ के मंत्रिपरिषद

**54. ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल कितना होता है?**
(a) 3 वर्ष (b) 5 वर्ष
(c) 2 वर्ष (d) 4 वर्ष

**55. कौन–सा संविधान संशोधन अधिनियम संसद सदस्यों और विधान सभा सदस्यों की अयोग्यता से संबन्धित है?**
(a) 42वाँ संशोधन अधिनियम
(b) 52वाँ संशोधन अधिनियम
(c) 62वाँ संशोधन अधिनियम
(d) 32वाँ संशोधन अधिनियम

**56. किस बैंक को 'द लेंडर ऑफ द लास्ट रिसोर्ट' कहा जाता है?**
(a) विश्व बैंक (b) सेंट्रल बैंक
(c) स्टेट बैंक (d) देना बैंक

**57. किस पंचवर्षीय योजना को अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के रूप में भी जाना जाता है?**
(a) 7वीं (b) 8वीं
(c) 9वीं (d) 10वीं

**58. निम्नलिखित में से कौन, भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय थे?**
(a) मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया (b) चंद्रशेखर वेंकट रमन
(c) पांडुरंग वामन केन (d) पुरुषोत्तम दास टंडन

**59. किस वैज्ञानिक ने अति लघु रेडियो तरंगों का आविष्कार किया था?**
(a) क्रिश्चियन हाइगेंस (b) आइज़क न्यूटन
(c) जे.सी. बोस (d) जे.जे. टॉमसन

**60. हेलीकॉप्टर का आविष्कार किसने किया ?**
(a) कॉपरनिकस (b) सिकोर्स्की
(c) कॉकरेल (d) ड्रिंकर

**61. हाल ही में प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?**
(a) के. बालकृष्णन (b) डेविड अर्नाल्ड
(c) डेविड चिपरफील्ड (d) डेविड वेयर

**62. 95वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ शार्ट फिल्म डाक्यूमेंट्री श्रेणी में भारतीय डाक्यूमेंट्री ने ऑस्कर जीता इसके निर्देशक कौन हैं?**
(a) एस.एस. राजामौली (b) जॉन अल्बर्ट
(c) राजकुमार हिरानी (d) कार्तिकी गोंजालवेस

**63. हाल ही में किस राज्य सरकार ने पथश्री, रास्ताश्री योजना की शुरुआत की है?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) पश्चिम बंगाल
(c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

**64. हाल ही में चर्चा में रहा नासा का आर्टेमिस मिशन 2 का संबंध किससे है-**
(a) शुक्र (b) मंगल
(c) बृहस्पति (d) चन्द्रमा

**65. अप्रैल 2023 में डब्ल्यू एच ओ ने किन दो देशों को मलेरिया मुक्त घोषित किया है?**
(a) भारत और श्री लंका
(b) अजरबैजान और तजाकिस्तान
(c) संयुक्त अरब अमीरात और कतर
(d) पाकिस्तान और अफगानिस्तान

## कम्प्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी

**66. Which of the following is the processing unit of the computer?/निम्नलिखित में से कम्प्यूटर की प्रोसेसिंग यूनिट कौन-सी है?**
(a) CPU (b) memory
(c) Graphic Card (d) mother board

67. **Transistors belong to which of the following generation of the computers?/ट्रांजिस्टर का संबंध कम्प्यूटर की किस पीढ़ी से है?**
(a) First/पहली (b) Fourth/चौथी
(c) Second/दूसरी (d) Third/तीसरी

68. **The field that investigates the mechanics of human intelligence is/मानव बुद्धि के यांत्रिकी की जाँच करने वाला होता है–**
(a) Artificial science/कृत्रिम विज्ञान
(b) Cognitive science/संज्ञानात्मक विज्ञान
(c) Psychology/मनोविज्ञान
(d) Sociology/समाजशास्त्र

69. **Another name for lazy learning algorithm is: लेज़ी लर्निंग एल्गोरिथ्म का दूसरा नाम है–**
(a) K-Nearest Neighbor/के नियरेस्ट नेइबर
(b) Regression/रिग्रेशन
(c) Classification/क्लासिफिकेशन
(d) Neural Networks/न्यूरल नेटवर्क्स

70. **............ में लेजर तकनीक (LASER technology) का प्रयोग नहीं किया जाता।**
(a) बारकोड रीडिंग (Barcode reading)
(b) कटिंग और ड्रिलिंग (Cutting and drilling)
(c) माइक्रोवेव ओवन (Microwave oven)
(d) फिजियोथेरपी (Physiotherapy)

71. **Who has created LISP, the Programming Language for Artificial Intelligence? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए प्रोग्रामिंग भाषा, LISP को किसने विकसित किया?**
(a) Grace Hopper/ग्रेस हॉपर
(b) John McCarthy/जॉन मैकार्थी
(c) Charles Bachman/चार्ल्स बाचमैन
(d) Leslie Lamport/लेस्ली लैम्पोर्ट

72. **In Computer terminology, what is the full form of IDN? कंप्यूटर शब्दावली में, IDN का पूर्ण रूप क्या है ?**
(a) Internal digital Networks
इंटरनल डिजिटल नेटवर्क्स
(b) Internationalized Domain Name
इंटरनेशनलाइज्ड़ डोमेन नेम
(c) Intertwined Disc Networks
इंटरट्विंड डिस्क नेटवर्क्स
(d) Input Distributed Networks
इनपुट डिस्ट्रिब्यूटेड नेटवर्क

73. **Which of the following services allows internet users to talk across the internet to any PC, equipped to receive the call? निम्नलिखित में से कौन-सी सेवा इंटरनेट उपयोग - कर्ताओं को कॉल प्राप्त करने के लिए सुसज्जित किसी भी पीसी से इंटरनेट पर बात करने की अनुमति देती है।**
(a) Electronic mail/इलेक्ट्रॉनिक मेल
(b) Electronic message/इलेक्ट्रॉनिक मैसेज
(c) Internet telephony (VoIP)/इंटनेट टेलिफोनी
(d) Instant messaging/इन्सटेन्ट मैसेजिन्ग

74. **What is the shortcut key to open the 'Font' dialogue box in MS-Word? एमएस वर्ड में, फांट डॉयलॉग बॉक्स ओपेन करने के लिए शॉर्ट कुंजी क्या है?**
(a) Alt+F (b) Ctrl+D
(c) Alt+Ctrl+D (d) Ctrl+F

75. **Which among the following method can be used to right align a text? निम्नलिखित विधि में से कौन-सा तरीका दाएं संरेखित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है?**
(a) Ctrl + I (b) Ctrl + Z
(c) Ctrl + J (d) Ctrl + R

76. **Verification of a login name and password on a computer is known as......... कंप्यूटर पर लॉगिन नाम और पासवर्ड के सत्यापन को किस रूप में जाना जाता है?**
(a) Authentication/प्रमाणीकरण (आथोंटिकेशन)
(b) Synchronization/समक्रमण (सिंक्रोनाइजेशन)
(c) Identification/अभिनिर्धारण (आइडेंटिफिकेशन)
(d) Accessibility/अभिगम्यता (एक्सेसिबिलिटी)

77. **Which of the following is an example of a spreadsheet? निम्नलिखित में से कौन सा स्प्रेडशीट का एक उदाहरण है?**
(a) Microsoft Excel/माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल
(b) Microsoft Outlook /माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक
(c) Microsoft PowerPoint /माइक्रोसॉफ्ट पॉवरप्वॉइंट
(d) Microsoft Word/ माइक्रोसॉफ्ट वर्ड

78. **Who invented E-Mail? ई-मेल का आविष्कार किसने किया?**
(a) Tim Berners-Lee/टिम बर्नर्स ली
(b) James Gosling/जेम्स गोस्लिंग
(c) Vinton Cerf/विन्टन सर्फ
(d) VA Shiva Ayyadurai/वि ए शिवा अय्यादुराई

79. **Android is an operating system based on एंड्राइड ऑपरेटिंग सिस्टम किस पर आधारित है?**
(a) Windows (b) Linux
(c) IBM (d) MS-Word

80. **Which of the following is the basic function of a computer? निम्नलिखित में से कम्प्यूटर का मूल कार्य है?**
(a) input/इनपुट
(b) storage/स्टोरेज
(c) processing/प्रोसेसिंग
(d) All of these/इनमें से सभी

## उत्तर प्रदेश सामान्य जानकारी

**81. केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (CARI) उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित है?**

(a) आगरा (b) बरेली
(c) लखनऊ (d) कानपुर

**82. उत्तर प्रदेश का सबसे घना बसा जिला कौन सा है?**

(a) गौतम बुद्ध नगर (b) गाज़ियाबाद
(c) संत कबीर नगर (d) कानपुर नगर

**83. निम्न में से किस राज्य में भारत के प्रथम 'अमृत सरोवर' का उद्घाटन किया गया?**

(a) मणिपुर (b) हरियाणा
(c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

**84. 'गोकुल ग्राम' योजना का सम्बन्ध है-**

(a) उत्तर प्रदेश में (b) आंध्र प्रदेश में
(c) गुजरात में (d) राजस्थान में

**85. उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त निम्नलिखित में से किसे अपना त्यागपत्र संबोधित करेंगे?**

(a) उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को
(b) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को
(c) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को
(d) विधान सभा के अध्यक्ष को

**86. राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय उ.प्र. में कहाँ स्थित है?**

(a) नोएडा में (b) आगरा में
(c) फुरसतगंज में (d) वाराणसी में

**87. निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड से संबंधित है?**

(a) इतनार (b) थारु
(c) भील (d) मुण्डा

**88. ''किस्सा राधा कन्हैया'' के लेखक कौन हैं?**

(a) सैयद आगा हसन काशमीरी
(b) नवाब वाजिद अलीशाह
(c) बाबू गोपालचन्द्र एलियस गिरधरदास
(d) पंडित प्रताप नारायण मिश्र

**89. निम्नलिखित में से कौन सा एक उत्तर प्रदेश का लोकनृत्य है ?**

(a) शिग्मो (b) घोड़े
(c) मोडनी (d) जैता

**90. आगरा की मोती मस्जिद का निर्माण..... द्वारा करवाया गया।**

(a) अकबर (b) शाहजहाँ
(c) औरंगजेब (d) दारा शिकोह

**91. उत्तर प्रदेश के किस नगर में सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का वार्षिक अधिवेशन हुआ था?**

(a) कानपुर (b) वाराणसी
(c) लखनऊ (d) इलाहाबाद

**92. गंगा नदी के निम्नलिखित में से किस भाग को राष्ट्रीय जल मार्ग घोषित किया गया है?**

(a) हरिद्वार से कानपुर तक
(b) कानपुर से प्रयागराज तक
(c) नरोरा से पटना तक
(d) प्रयागराज से हल्दिया तक

**93. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कर सही उत्तर नीचे दिये गये कूट चुनियें–**

| | **सूची-I (क्षेत्र)** | **सूची-II (खनिज)** |
|---|---|---|
| A. | सोनभद्र | 1. ताँबा |
| B. | इलाहाबाद | 2. शीशाबालू |
| C. | ललितपुर | 3. नॉन-प्लास्टिक फायर क्ले |
| D. | मिर्जापुर | 4. चूना पत्थर |

**कूट :**

| | **A** | **B** | **C** | **D** |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**94. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) अलीगढ़–ताला (b) मुरादाबाद–पीतल
(c) फिरोजाबाद–चूड़ियाँ (d) मेरठ–चाकू

**95. हस्तनिर्मित कागज का निर्माण होता है-**

(a) बाँदा में (b) हमीरपुर में
(c) झांसी में (d) जालौन में

**96. गीडा है –**

(a) गाजियाबाद औद्योगिक विकास प्राधिकरण
(b) गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण
(c) गोमती औद्योगिक विकास प्राधिकरण
(d) गंगा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**97. ''आर्यभट्ट नक्षत्रशाला'' स्थित है**

(a) गोरखपुर में (b) रामपुर में
(c) लखनऊ में (d) गाजियाबाद में

**98. निम्नलिखित में से कौन-सा एक बाँध उत्तर प्रदेश में नहीं है?**

(a) अहरौरा (b) अडवा
(c) बघेलखण्ड (d) बदुआ

**99. निम्नलिखित में से किस फसल के उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर नहीं है?**

(a) गेहूँ (b) जौ
(c) गन्ना (d) चावल

**100. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक प्रतिशत श्रमिक नियोजित है-**

(a) कृषि क्षेत्र में
(b) उद्योग क्षेत्र में
(c) सेवा क्षेत्र में
(d) उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 11. (d) | 21. (c) | 31. (c) | 41. (c) | 51. (c) | 61. (c) | 71. (b) | 81. (b) | 91. (d) |
| 2. (c) | 12. (d) | 22. (d) | 32. (b) | 42. (b) | 52. (a) | 62. (d) | 72. (b) | 82. (b) | 92. (d) |
| 3. (a) | 13. (b) | 23. (a) | 33. (b) | 43. (d) | 53. (b) | 63. (b) | 73. (c) | 83. (d) | 93. (d) |
| 4. (d) | 14. (b) | 24. (b) | 34. (c) | 44. (a) | 54. (b) | 64. (d) | 74. (b) | 84. (a) | 94. (d) |
| 5. (c) | 15. (a) | 25. (d) | 35. (b) | 45. (a) | 55. (b) | 65. (b) | 75. (d) | 85. (b) | 95. (d) |
| 6. (d) | 16. (b) | 26. (d) | 36. (b) | 46. (a) | 56. (b) | 66. (a) | 76. (a) | 86. (c) | 96. (b) |
| 7. (b) | 17. (c) | 27. (b) | 37. (b) | 47. (b) | 57. (b) | 67. (c) | 77. (a) | 87. (b) | 97. (b) |
| 8. (a) | 18. (a) | 28. (c) | 38. (b) | 48. (d) | 58. (b) | 68. (b) | 78. (d) | 88. (b) | 98. (d) |
| 9. (a) | 19. (c) | 29. (b) | 39. (b) | 49. (a) | 59. (c) | 69. (a) | 79. (b) | 89. (d) | 99. (d) |
| 10. (d) | 20. (b) | 30. (a) | 40. (b) | 50. (d) | 60. (b) | 70. (c) | 80. (d) | 90. (b) | 100.(a) |

## SOLUTION

**1. (b)**
'जगदीश' शब्द का सही सन्धि विच्छेद जगत् + ईश होगा। इसमें व्यंजन सन्धि है। व्यंजन के बाद स्वर अथवा व्यंजन के मेल से उत्पन्न विकार को व्यंजन सन्धि कहते हैं।'जगत् + ईश' में व्यंजन 'त्' के पश्चात् आने वाले स्वर 'ई' के बीच संधि होने पर 'त्' के स्थान पर इसी वर्ग का तीसरा वर्ण 'द्' हो जाएगा।

**2. (c)**
**(c) :** जो हर समय दूसरों की बुराइयाँ खोजता है- **छिद्रान्वेषी** जबकि जो किसी के गुण दोषों की आलोचना करता हो- **आलोचक**।

**3. (a)**
दिये गये विकल्पों के आधार पर 'अनिल–अनल' का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म 'वायु–अग्नि' होगा।

- **वायु के पर्यायवाची शब्द**– अनिल, हवा, पवन, समीर, वात, मारुत आदि।
- **अग्नि के पर्यायवाची शब्द**– अनल, पावक, दहन, वैश्वानर, धूमकेतु, कृशानु, आग आदि।

**4. (d)**
दिये गये शब्द 'हंस' की जगह 'अमृत' शब्द नहीं प्रयुक्त किया जा सकता है, जबकि– सूर्य, योगी और श्वेत, हंस के अनेकार्थी शब्द हैं।

**5. (c)**
अग्नि का पर्यायवाची पावक है। अन्य पर्यायवाची का विवरण है-
**अर्णव** के पर्यायवाची शब्द– सागर, समुद्र, उदधि, वारिधि, पयोधि, जलधि, नदीश, समुंदर।
**उरग** के पर्यायवाची शब्द – साँप, तक्षक, नाग, विषधर, मणिधर, भुजंग।

**6.(d)**
साहचर्य का विलोम अलगाव होता है। असहयोग का विलोम सहयोग होता है। वैमनस्य का विलोम **सौमनस्य** होता है।

**7.(b)**
'प्रामाणिक = प्रमाण + इक' मूल शब्द और प्रत्यय का सही अलगाव है। शेष विकल्पों के शब्द असंगत हैं।

**8.(a)**
संस्कृत के ऐसे शब्द जिसे हम ज्यों का त्यों प्रयोग में लाते हैं, तत्सम शब्द कहलाते हैं। जैसे- तिलक, अग्नि, सूर्य, माता, पिता इत्यादि।

**9.(a)**
'राजा सेवक को कम्बल देता है'। इस वाक्य में देने का भाव है अर्थात् सम्प्रदान कारक है।

**10.(d)**
किसी वाक्य, मुहावरा या वाक्यांश में संज्ञा या सर्वनाम का वाक्य के अन्य पदों (विशेषतः क्रिया) के साथ जो सम्बन्ध होता है, उसे कारक कहते हैं। हिन्दी में कारकों की संख्या आठ मानी गयी है– कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान, सम्बन्ध, अधिकरण तथा सम्बोधन।

**11.(d)**
'राम आम खाता है' में 'कर्तृवाच्य' है। वाक्य में जब कर्ता की प्रधानता हो अर्थात् क्रिया का लिंग, वचन कर्ता के अनुसार हो तो उसे कर्तृवाच्य कहते हैं।

**12.(d)**
दिये गये विकल्पों में से 'आटा-आटे' वचन जोड़ा सही नहीं है। आटा द्रव्यवाचक संज्ञा है और द्रव्यवाचक संज्ञायें सदैव एकवचन में रहती हैं, इनका बहुवचन नहीं बनाया जा सकता है। शेष विकल्प सही है।

**13.(b)**
**वायु** स्त्रीलिंग शब्द है। शेष सभी पुल्लिंग हैं।

**14.(b)**
वे शब्द जिन पर लिंग, वचन, पुरुष और काल का प्रभाव नहीं पड़ता उसे '**अव्यय**' कहते हैं। शेष इस प्रकार हैं-
**काल-** क्रिया का समय।
**विशेषण-** संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बताने वाला।
**संज्ञा-** व्यक्ति, वस्तु, स्थान के नाम को 'संज्ञा' कहते हैं।

**15.(a)**
'दृश्य बहुत ही मनोरम था।' वाक्य में रेखांकित शब्द 'मनोरम' गुणवाचक विशेषण है। वे शब्द जो संज्ञा अथवा सर्वनाम के गुण–धर्म, स्वभाव का बोध कराते हैं, गुणवाचक विशेषण कहलाते हैं। **जैसे–** लाल, अच्छा, युवा, चौकोर, सुन्दर, मौसमी आदि।

**16.(b)**
जो पुरुष कविता लिखता है, उसे 'कवि' तथा जो महिला कविता लिखती है, उसे 'कवयित्री' कहा जाता है अतः विकल्प (b) सही है।

**17.(c)**
प्रश्नगत वाक्य में 'माता-पिता' के मध्य **योजक चिह्न (-)** का प्रयोग होगा, इसका प्रयोग सामासिक पदों या पुनरुक्त और युग्म शब्दों तथा द्वित्व शब्दों के मध्य किया जाता है। यथा – 'माता-पिता'।

**अल्प विराम चिह्न (,) –** वाक्य में जहाँ थोड़ी देर का ठहराव होता है, वहाँ अल्प विराम का चिह्न प्रयुक्त होता है।

**अर्धविराम चिह्न (;)-** इसका प्रयोग स्पष्ट विराम स्थलों में आता है और किसी वाक्य में कई स्वतंत्र वाक्य होने पर उन्हें अलग-अलग रखने के लिए भी इसका प्रयोग किया जाता है।

**निदेशक चिह्न (–)**- इसका प्रयोग विषय, विवाद संबंधी प्रत्येक शीर्षक के आगे, उदाहरण के पश्चात, कथोपकथन के नाम के आगे किया जाता है। इसे रेखा चिह्न के नाम से भी जाना जाता है।

**18.(a)**
दिये गये शब्दों में से 'उत्क्षिप्त' शब्द 'प्रयत्न और उच्चारण' के आधार पर व्यंजन का वर्गीकरण नहीं है। उत्क्षिप्त हिन्दी में नवागत ध्वनियाँ हैं। इन्हें द्विगुण व्यंजन, विकसित ध्वनि इत्यादि कहते हैं। ध्यातव्य है कि हिन्दी शब्दकोश कोई भी शब्द उत्क्षिप्त व्यंजन (ड़, ढ़) से प्रारम्भ नहीं होता। कामता प्रसाद गुरु ने प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों का वर्गीकरण इस प्रकार किया है–

**1. आभ्यन्तर प्रयत्न–** (i) विवृत (ii) स्पृष्ट (iii) ईषत् विवृत (iv) ईषत् स्पृष्ट

**2. बाह्य प्रयत्न–** (i) अघोष (ii) घोष (सघोष)

पार्श्विक व्यंजन के अन्तर्गत 'ल' व्यंजन आता है। पार्श्विक से आशय है कि जिह्वा के दोनों पार्श्व (बगल) से होकर जिस वर्ण के लिए ध्वनि उच्चारित होती है। साथ ही साथ 'ल' का उच्चारण स्थान 'दन्त' है।

**19.(c)**
आलम आरा फिल्म **1931** में रिलीज हुई थी, जो हिन्दी की पहली सवाक (बोलती) फिल्म थी। इसके निर्माता अर्देशिर ईरानी थे। इसका प्रथम प्रदर्शन मुंबई के मैजेस्टिक सिनेमा में 14 मार्च 1931 को हुआ था।

**20.(b)**
अंधायुग (1955ई.) धर्मवीर भारती की रचना (गीतिनाट्य) है। इनकी अन्य प्रमुख रचनाएं हैं– सातगीत वर्ष, ठंडा लोहा, कनुप्रिया, देशान्तर आदि।

**21.(c)**
गद्यांश के अनुसार भाई के प्रति अत्यधिक प्रेम के कारण लक्ष्मण राम के साथ वनवास के लिए गए। गद्यांश की प्रथम पंक्ति में ही स्पष्ट कथन है कि लक्ष्मण ने अकृत्रिम भ्रातृस्नेह के कारण बड़े भाई का साथ दिया।

**22.(d)**
गद्यांश के अनुसार लेखक को दुःख है कि रचनाकारों ने उर्मिला के विषय में कुछ नहीं लिखा। 'अंतर्दर्शी आदि कवि के शब्द-भण्डार में दरिद्रता!' से लेखक ने साहित्यकारों की उर्मिला विषयक उपेक्षा की ओर संकेत किया है।

**23.(a)**
उर्मिला का लक्ष्मण के साथ विवाह करना बलिदान नहीं बल्कि उर्मिला के जीवन का प्राप्य था। अपनी बहन सीता का वियोग सहना, लक्ष्मण (अपने पति) को रामचन्द्र के साथ वनवास के लिए जाने देना तथा सांसारिक सुखों का त्याग करना उर्मिला द्वारा किये गये प्रमुख बलिदान हैं।

**24.(b)**
'बहन के विवाह में शामिल होने के लिए मित्र को लिखा गया पत्र' 'अनौपचारिक' पत्र का उदाहरण है। अनौपचारिक पत्र एक ऐसा पत्र होता है, जिसे निजी जीवन से जुड़े लोग जैसे परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और मित्रों के लिए लिखा जाता है।

**25.(d)**
आटे दाल का भाव मालूम होना मुहावरे का अर्थ है– 'कष्ट का अनुभव होना।'

**26.(d)**
उक्त पंक्ति में 'उपमा अलंकार' है। जहाँ दो वस्तुओं में रूप, रंग, गुण या धर्म के आधार पर समानता का बोध कराया जाय वहाँ पर 'उपमा अलंकार' होता है।

**27.(b)**
'अखियाँ हरि दरसन की भूखी। कैसे रहें रूप रस राँची ए बतियाँ सुनि रूखीं' इसमें **वियोग शृंगार रस** है क्योंकि इसमें हरि के दर्शन के लिये आँखें तरस रही है। 'सूरसागर' का यह पद्यांश गोपियों की विरह दशा का मार्मिक वर्णन करता है।

**28.(c)**
प्रश्न में दिए गए चारों वाक्यों में 'श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं' - यह वाक्य सही है। ज्ञातव्य है कि अनेक शब्द स्वयं में बहुवचन है अतः इससे बनाया गया 'अनेकों' शब्द अशुद्ध है। प्रथम वाक्य 'श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है' अनेकों शब्द के प्रयोग के कारण अशुद्ध है। 'बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी शस्त्र है' का शुद्ध वाक्य होगा - बन्दूक एक बहुत ही उपयोगी अस्त्र है अर्थात् बन्दूक अस्त्र होता है न कि शस्त्र।

**29.(b)**
जिस समस्त पद में पूर्व पद संख्यावाचक विशेषण हो तथा जिसके समस्त पद से समूह का बोध हो तो उसे द्विगु समास कहते हैं। जैसे अष्टाध्यायी⇒आठ अध्यायों का समाहार। इसी प्रकार चौपाया, पंचवटी, पसेरी, त्रिगुण द्विगु समास के उदाहरण हैं।

**30.(a)**
'जिसके पास कुछ न हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अकिंचन' होगा; न कि किंचित, आकुंचन और अलभ्य।

**31. (c)**
निष्कर्ष- चित्र के अनुसार सभी कुत्ते बिल्ली है इसका तात्पर्य ये हुआ कि कुछ बिल्ली भी कुत्ते हैं। अतः दोनों निष्कर्ष परिणाम देते हैं।

**32. (b)**

-7 -3 [2] 8 15
+4 +5 +6 +7

अतः $? \Rightarrow 2$

दी गई शृंखला का क्रम है– = +4, +5, +6+7......

अतः अभीष्ट पद = –3+5=2

**33. (b)**
प्लास्टिक के उत्पादन को प्रोत्साहित करने से वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा बढ़ेगी इसलिए सरकार को प्लास्टिक का विकल्प तलाशना चाहिए अतः केवल तर्क II मजबूत है, क्योंकि सरकार को लाभ से ज्यादा हानि उठानी पड़ेगी।

**34. (c)**
दी गयी अक्षर शृंखला में पहले शब्द (Animate) में T के पहले 5 अक्षर है दूसरे शब्द (Aerate) में T के पहले 4 अक्षर है यह प्रक्रिया आगे इसी प्रकार चलती रहती है। अतः शृंखला का अंतिम शब्द = TOUGH

**35. (b)**
B उन अभिनेता और गायक को निरूपित करता है जो इंजीनियर नहीं है।

**36. (b) :**




अतः कतार के अन्त से रोहन का 19 वाँ स्थान है।

**37. (b)**
दी गई चित्र आकृति के अनुसार, चित्र आकृति (2) प्रश्न आकृति के दाएँ अर्द्ध हिस्से के समान दिखाई पड़ता है।

**38. (b)**
दिये गये कथन से स्पष्ट है कि लोगों को शुद्ध जल का उपयोग करने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए जिससे दूषित जल पीने से किसी की मृत्यु न हो।
अतः केवल II कार्यवाही पालन करती है।

**39. (b)**
टंकी का $\frac{3}{16}$ भाग भरता है - 15 मिनट में

टंकी का शेष भाग $= 1 - \frac{3}{16} = \frac{13}{16}$

$\because \frac{3}{16}$ भाग भरता है = 15 मिनट में

$\therefore \frac{13}{16}$ भाग भरेगा $= \frac{13}{16} \times \frac{16}{3} \times 15 = 65$ मिनट

**40.** (b)
माना पहले बच्चे की आयु = x वर्ष
दूसरे की आयु = (x + 4) वर्ष
तीसरे की आयु = (x + 8) वर्ष
चौथे की आयु = (x + 12) वर्ष
प्रश्नानुसार,

$$x + (x + 4) + (x + 8) + (x + 12) = 60$$

$\Rightarrow 4x = 60 - 24 = 36$

$\Rightarrow x = \frac{36}{4}$

$\Rightarrow x = 9$ वर्ष

अतः सबसे छोटे बच्चे की आयु = 9 वर्ष

**41. (c)**
दो सतह समान नियम से,
आकृति I और आकृति II में दो सतह समान हैं दो आकृति में Red (लाल) Blue (नीला) दिया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि Purple (बैंगनी) के विपरीत Yellow (पीला) होगा।

**42. (b)**
जिस प्रकार,

$$(13 \times 2) + 4 = 30$$

तथा

$$(15 \times 4) + 5 = 65$$

उसी प्रकार,

$$(12 \times 5) + 8 = \boxed{68}$$

**43. (d)**
प्रश्नानुसार, वेन आरेख खीचने पर–

अतः वेन आरेख से स्पष्ट है कि दोनों निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।

**44. (a)**




**जानवर** (Animal) के अन्तर्गत मांसाहारी और शाकाहारी (Herbivorous) दोनों आते हैं लेकिन बाघ एक मांसाहारी (Carnivorus) जानवर है।

**45. (a)**
दिए गए कथन से यही निर्णय निकलता है कि केवल निष्कर्ष I सही है।

**46.** (a)
जोर्वे संस्कृति ताम्रपाषाण कालीन संस्कृति है। एम. एन. देश पाण्डे ने इस संस्कृति की खोज की थी। 'जोर्वे' महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले में गोदावरी नदी की सहायक नदी 'प्रवरा' के तट पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। जहाँ पर जोर्वे संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुए हैं। जोर्वे संस्कृति प्रमुख रुप से पश्चिमी महाराष्ट्र में विकसित हुई। जोर्वे संस्कृति के प्रमुख स्थल हैं-चन्दोली, सोनगाँव, इमामगाँव, जोर्वे, नासिक तथा दायमाबाद आदि। जोर्वे संस्कृति का समय काल 1400 ई.पू. से 700 ई.पू. तक माना जाता है।

**47. (b)**
कैवल्य जैन धर्म से सम्बन्धित है। जैन धर्म में कैवल्य को सर्वोच्च एवं पूर्ण ज्ञान कहते हैं। जैन धर्म में अज्ञान से पूर्ण ज्ञान की ओर बढ़ते समय 14 गुणस्थान (चरणों) से गुजरना पड़ता है इसमें 13वाँ चरण ज्ञान का है यह जिसे प्राप्त होगा वह 'अर्हत्' कहलायेगा। एक अर्हत् को जब सिद्धान्त देने की क्षमता प्राप्त हो जाती है तो उसे कैवल्य की प्राप्ति होगी तथा तब वह तीर्थङ्कर कहलायेगा। महावीर स्वामी को गृहत्याग के 12 वर्ष पश्चात 42 वर्ष की अवस्था में जृम्भिक ग्राम के समीप ऋजुपालिका नदी वर्तमान बराकर नदी के तट पर शालवृक्ष के नीचे कैवल्य की प्राप्ति हुई।

**48.** (d)
दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में वर्ष 1928 में हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (HSRA) का गठन किया गया था। यह एक क्रान्तिकारी संगठन था जिसमें चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, भगवती चरण वोहरा आदि प्रमुख व्यक्ति थे। इस संस्था का उद्देश्य क्रान्तिकारी कार्यवाही द्वारा भारत में समाजवादी गणतान्त्रिक राज्य की स्थापना करना था।

**49. (a)**
भारत की स्वतंत्रता के समय क्लीमेंट आर. एटली ब्रिटेन के प्रधानमंत्री थे और उनका कार्यकाल वर्ष 1945-1951 तक था। इस दौरान ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सत्ता थी।

**50.** (d)
देवमाली चोटी (1762 मी.) ओड़िशा के पूर्वी घाट पर स्थित, राज्य की सर्वोच्च चोटी है। यह कोरापुट जिले में स्थित है।

**51.(c)**
थोरियम धातु की खोज 1828 ई. में बर्जीलियस ने थोराइट अयस्क से की थी। यद्यपि इसके अनेक अयस्क प्राप्त हैं। परन्तु मोनोजाइट इसका प्रमुख अयस्क है। जिसमे थोरियम तथा अन्य विरल मृदाओं के फास्फेट रहते हैं। थोरियम, केरल के समुद्री तट की रेत में भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

**52.** (a)
29 अगस्त, 1947 ई. को डा. बी. आर. अम्बेडकर की अध्यक्षता में एक प्रारूप समिति (Drafting committee) का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष को छोड़कर सदस्यों की कुल संख्या 6 थी। जो इस प्रकार है– (1) एन. गोपालस्वामी आयंगर (2) अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर (3) कन्हैयालाल मणिकलाल मुंशी (4) सैय्यद मोहम्मद सादुल्ला (5) एन. माधव राव (बी.एल. मित्र के स्थान पर) (6) टी.टी. कृष्णामाचारी (वर्ष 1948 में इनकी मृत्यु के बाद डी.पी. खेतान को सदस्य बनाया गया।)

**53. (b)**
किसी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची से निकालने का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 342(2) के तहत संसद को प्राप्त है। जबकि किसी जनजाति को अनुसूचित जनजाति राष्ट्रपति द्वारा घोषित किया जाता है।

**54.** (b)
ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल 5 वर्ष होता है।

**55. (b)**
52वाँ संशोधन अधिनियम संसद सदस्यों और विधान सभा सदस्यों की अयोग्यता से सम्बन्धित है। इस संशोधन को दल-बदल निरोधक कानून भी कहा जाता है। वर्ष 1985 में 52वां संविधान संशोधन हुआ जिसके द्वारा अनुच्छेद 101, 102 तथा 190 और 191 में संशोधन कर संविधान में 10वीं अनुसूची को जोड़कर दल-बदल रोकने के लिए प्रावधान किया गया।

**56. (b)**
सेंट्रल बैंक को ''द लेंडर ऑफ द लास्ट रिसोर्ट'' (अंतिम उधारदाता) कहा जाता है। यह बैंकों या अन्य संस्थानों, जो वित्तीय कठिनाई का सामना कर रहे हैं या अत्यधिक जोखिम भरे या वित्तीय घाटे के निकट माने जाते है, को ऋण प्रदान करता है। भारत में RBI अंतिम उधारदाता है।

**57.** (b)
भारत में उदारीकरण को औद्योगिक संवृद्धि और सामाजिक विकास की प्रक्रिया को गतिमान करने के उद्देश्य से अपनाया गया था। भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण को आठवीं पंचवर्षीय योजना के समय अपनाया गया था। उदारीकरण ने अधिकतर उद्योगों के लिए औद्योगिक लाइसेंस की आवश्यकता को खत्म किया।

**58.** (b)
भारत का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान भारत रत्न हैं यह उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने कला, साहित्य, विज्ञान, समाज सेवा और खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय और आसाधारण योगदान के जरिये राष्ट्र सेवा की हो। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने 2 जनवरी, 1954 को भारत रत्न को संस्थापित किया था तथा प्रथम बार डॉ0 चन्द्रशेखर वेंकट रमन, डॉ0 सर्वपल्ली राधा कृष्णन तथा चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को दिया गया।

**59. (c)**
अति लघु रेडियो तरंगों का आविष्कार प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चन्द्र बोस ने किया था। जे.सी. बोस ने माइक्रोवेब के क्षेत्र में भी काम किया था। उन्होंने अति सूक्ष्म तरंगों को उत्पन्न कर हर्ट्ज डिटेक्टर में काफी सुधार किया था।

**60.(b)**
इगोर इवानोविच सिकोर्स्की रुस में जन्में अमेरिकी विमानन क्षेत्र में अग्रणी वैज्ञानिक थे। इन्होंने हेलीकॉप्टर का आविष्कार किया। वर्ष 1939 में सिकोर्स्की ने 'सिकोर्स्की वीएस-300' नाम का पहला व्यवहारिक अमेरिकन हेलीकॉप्टर बनाया जो आज भी अधिकांश देशों द्वारा उपयोग में लाया जाता है।

**61.** (c)
वास्तुकला में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाने वाला प्रित्जकर पुरस्कार, वर्ष 2023 के लिए डेविड चिपरफील्ड को प्रदान किया गया। इनका जन्म वर्ष 1953 में लन्दन (ब्रिटेन) में हुआ था।

**62.** (d)
तमिल भाषा में फिल्मायी गयी फिल्म द एलीफैन्ट व्हिसपर्स जो कि शार्ट फिल्म डाक्यमेंट्री श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार जीती है, के निर्देशक कार्तिकी गोंजालवेस हैं।

**63.** (b)
पुरानी सड़कों की मरम्मत तथा नयी सड़कों के निर्माण के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार ने पथश्री, रास्ताश्री योजना की शुरुआत की। इस योजना के केन्द्र में मुख्यतः ग्रामीण सड़कों को रखा गया है।

**64.** (d)
आर्टेमिस मिशन 2 को नासा तथा कनाडा की स्पेस एजेंसी सीएसए द्वारा वर्ष 2024 में चन्द्रमा का अध्ययन करने के लिए भेजा जाएगा। यह मिशन प्रारम्भ में चन्द्रमा के चक्कर लगाएगा। इस मिशन के लिए चार यात्रियों को भेजा जाएगा।

**65.** (b)
अप्रैल 2023 में डब्ल्यू.एच.ओ. ने अजरबैजान तथा तजाकिस्तान को मलेरिया मुक्त घोषित किया। भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

**66. (a)**
सेन्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (CPU) कम्प्यूटर के सभी कार्यों को नियंत्रित निर्देशित तथा समन्वित करता है, जिसे कम्प्यूटर की प्रोसेसिंग यूनिट कहते हैं।

**67. (c)**
ट्रांजिस्टर का संबंध कम्प्यूटर की दूसरी पीढ़ी से है यह एक अर्धचालक युक्ति है जो इलेक्ट्रॉनिक स्विच के रूप में प्रयोग किया जाता है। द्वितीय पीढ़ी की अवधि 1956 से 1964 तक मानी जाती है।

**68. (b)**
संज्ञानात्मक विज्ञान, मानव बुद्धि के यांत्रिकी की जाँच करने वाला क्षेत्र है। यह भाषा विज्ञान, मनोविज्ञान, तंत्रिका विज्ञान, दर्शन, कम्प्यूटर विज्ञान और नृविज्ञान से इनुपट के साथ मन और इसकी प्रक्रियाओं का अतः विषय, वैज्ञानिक अध्ययन है। संज्ञानात्मक वैज्ञानिक बुद्धि और व्यवहार का अध्ययन करते हैं, इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए कि कैसे तंत्रिका तंत्र सूचना का प्रतिनिधित्व, प्रक्रिया और परिवर्तन करते है।

**69. (a)**
के नियरेस्ट नेइबर (KNN) को लेज़ी लर्निंग एल्गोरिथ्म भी कहा जाता है क्योंकि जब हम इस एल्गोरिथ्म को प्रशिक्षण डेटा की आपूर्ति करते हैं, तो एल्गोरिथ्म खुद को बिल्कुल भी प्रशिक्षित नहीं करता है।

**70. (c)**
माइक्रोवेव ओवन (Microwave oven) में लेजर तकनीक (LASER technology) का प्रयोग नहीं किया जाता।

**71. (b)**
(LISP-List Processing) इसका विकास 1959 में जॉन मैकार्थी द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग के लिए किया गया। यह फंक्शनल प्रोग्रामिंग लैंग्वेज है। इसका उपयोग गैर सांख्यिकी डाटा के प्रोसेसिंग के लिए किया जाता है।

**72.(b)**
IDN का पूर्ण रूप इंटरनेशनलाइज्ड डोमेन नेम (Internationalized Domain Name) हैं जो पारंपरिक वर्गों के अलावा अन्य वर्णों द्वारा दशार्यें जाते है। अनुप्रयोगों में डोमेन नामों का अंतर्राष्ट्रीयकरण (IDNA) गैर-ASCII वर्णों वाले अंतर्राष्ट्रीय डोमेन नामों को संभालने के लिए 2003 में परिभाषित किया गया एक तंत्र है।

**73. (c)**
VoIP, वाइज ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल को इंटरनेट टेलीफोनी भी कहा जाता है यह इंटरनेट के माध्यम से किसी भी पीसी पर बात करने की सुविधा प्रदान करता है जिसमें कॉल करने अथवा रिसीव करने के फीचर उपलब्ध हो।

**74. (b)**
Ctrl+D = शॉर्टकट 'की' का उपयोग फांट डॉयलॉग बॉक्स ओपेन करने के लिए किया जाता है।

Alt+F = शॉटकर्ट 'की' का उपयोग रिबन में फाइल मेन्यू या फाइल टैब ओपन करने के लिए किया जाता है।

Ctrl+F = शॉर्टकट 'की' का उपयोग फाइंड डॉयलॉग ओपेन करने के लिए किया जाता है।

Ctrl+I = शॉर्टकर्ट 'की' का उपयोग चयनित शब्द को इटैलिक करने के लिए किया जाता है।

**75.(d)**
राइट एलाइनमेंट का उपयोग करने के लिए Ctrl + R शार्टकट की का प्रयोग करते हैं।

**76. (a)**
लॉगिन नाम और पासवर्ड के सत्यापन की प्रक्रिया को प्रमाणीकरण के रूप में जाना जाता है। प्रमाणीकरण (authentication) उपयोगकर्ता की पहचान को पहचानने की प्रक्रिया है, प्रदान किए गए क्रेडेंशियल की तुलना किसी स्थानीय ऑपरेटिंग सिस्टम पर या किसी प्रमाणीकरण सर्वर के भीतर अधिकृत उपयोगकर्ता की जानकारी के डेटाबेस में मौजूद डेटा से की जाती है।

**77. (a)**
MS Excel का पूरा नाम माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल है। यह माइक्रोसॉफ्ट द्वारा विकसित एक स्प्रेडशीट प्रोग्राम है। एमएस एक्सेल डाटा को व्यवस्थित करने तथा कैल्कुलेशन, निर्णय, रिपोर्ट तैयार करने आदि कामों की सुविधा प्रदान करता है।

**78. (d)**
ईमेल की खोज मूल रूप से अमेरिका में रहने वाले भारतीय शिवा अय्यादुराई ने किया था। जब उन्होंने ये आविष्कार किया था तब वे केवल 14 साल के थे। शिवा का जन्म मुंबई (महाराष्ट्र) के एक तमिल परिवार में हुआ, 1982 में अमेरिकी सरकार ने उन्हें ईमेल सिस्टम के जनक के तौर पर मान्यता दी और ईमेल पर कॉपीराइट प्रदान किया।

**79.(b)**
एंड्रॉइड एक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है जो लिनक्स कर्नेल और अन्य ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के संशोधित संस्करण पर आधारित है जो मुख्य रूप से टचस्क्रीन मोबाइल उपकरणों जैसे स्मार्ट फोन और टेबलेट के लिए डिजाइन किया गया है।

**80. (d)**
कम्प्यूटर के चार मूल कार्य होते हैं-
(1) इनपुट (2) स्टोरेज
(3) प्रोसेसिंग (4) आउटपुट

**81.(b)**
केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान उत्तर प्रदेश में बरेली के पास इज्जतनगर में स्थित है। इसमें कुक्कुट विज्ञान से सम्बन्धित विविध विषयों पर शोध होता है। इसकी स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी।

**82. (b)**
उत्तर प्रदेश का सबसे घना बसा जिला गाजियाबाद है। यहाँ का जन घनत्व 3971 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। इसके बाद क्रमशः वाराणसी (2395), लखनऊ (1816), संत रविदास नगर (1555) एवं कानपुर नगर (1452) का स्थान है। ललितपुर न्यूनतम जनघनत्व वाला जिला है, जहां का जनघनत्व 242 है।

**83.(d)**
भारत के प्रथम 'अमृत सरोवर' का उद्घाटन उत्तर प्रदेश राज्य में किया गया। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने 13 मई, 2022 को भारत के पहले "अमृत सरोवर" का उद्घाटन रामपुर जिले में किया।

**84. (a)**
'गोकुल ग्राम योजना' उत्तर प्रदेश से सम्बद्ध योजना है। इसके तहत गाँव-गाँव जाकर गोवंश का निःशुल्क कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है ताकि अच्छे नस्ल के गोवंश को बढ़ावा मिले।

**85. (b)**
उत्तर प्रदेश का लोकायुक्त राज्य के ''राज्यपाल'' को अपना त्यागपत्र देता है। उत्तर प्रदेश लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम 1975 के अनुसार लोकायुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है और लोकायुक्त राज्यपाल को संबोधित त्याग पत्र द्वारा पद त्याग कर सकेगा।

**86.(c)**
राजीव गाँधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज (अमेठी) में स्थित है। इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त है। उत्तर प्रदेश में छः केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं।

**87.(b)**
थारु जनजाति उत्तराखण्ड के नैनीताल तथा ऊधम सिंह नगर जिले में पायी जाती है। यह जनजाति उत्तर प्रदेश के तराई वाले क्षेत्रों के जिलों पीलीभीत बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर में पायी जाती हैं। ये हिन्दू धर्म को मानते हैं। ये भारोपीय भाषा परिवार के 'भारतीय ईरानी' समूह के अन्तर्गत आने वाली भारतीय-आर्य उपसमूहों की भाषा बोलते हैं। वर्ष 2003 में 10 और जनजाति को शामिल किया गया। भील जनजाति के लोग गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं राजस्थान में पाये जाते हैं। मुण्डा जनजाति के लोग झारखण्ड, बिहार, पं. बंगाल, ओडिशा में पाये जाते हैं।

**88.(b)**
'किस्सा राधा कन्हैया' के लेखक नवाब वाजिद अलीशाह हैं। अवध के नवाब वाजिद अली शाह को 'ठुमरी' संगीत विधा के जन्मदाता के रूप में जाना जाता है। इन्होंने 'रहस रास' और 'किस्सा राधा कन्हैया' जैसे प्रदर्शनों द्वारा हिंदी रंगमंच को प्रश्रय प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि वाजिद अलीशाह स्वयं इन नाटकों में अभिनय भी करते थे।

**89.(d)**
जैता, उत्तर प्रदेश का लोकनृत्य है। जबकि शिग्मों, घोड़े और मोडनी गोवा के लोकनृत्य हैं। ये लोकनृत्य मराठा लड़ाकों के सम्मान में दशहरा के अवसर पर किये जाते है।

**90. (b)**
आगरा किले में स्थित मोती मस्जिद, (चमकता हुआ मोती) का निर्माण शाहजहाँ ने करवाया था। मोती मस्जिद को Pearl Mosque नाम से भी जाना जाता है। शाहजहाँ ने इस मस्जिद का निर्माण अपने शाही दरबार के लिए करवाया था।
इसके शीर्ष पर स्थित तीन गुम्बदों का निर्माण सफेद संगमरमर से किया गया है, जो देखने में अति आकर्षक लगते हैं। यहाँ गुम्बदाकार खो-खो से बनी एक शृंखला है, जिसका निर्माण मुख्य तौर पर हिन्दू वास्तुकला से प्रेरित होकर किया गया था।

**91. (d)**
उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का सर्वप्रथम अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। यह कांग्रेस का चौथा अधिवेशन था जो वर्ष 1888 में सम्पन्न हुआ इसके अध्यक्ष जार्ज यूले थे। वर्ष 1892 तथा 1910 में भी कांग्रेस का अधिवेशन इलाहाबाद में आयोजित हुआ था। उल्लेखनीय है कि बनारस में 1905 तथा लखनऊ में 1899, 1916 तथा 1936 में तथा कानपुर में 1925 में अधिवेशन आयोजित हुआ।

**92.(d)**
गंगा नदी में प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से हल्दिया (पं. बंगाल) तक को 'राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या-1 घोषित किया गया है। यह भारत का प्रथम राष्ट्रीय जलमार्ग है जिसकी लम्बाई 1620 किमी. है।

**93.**(d)

| **सूची-I (क्षेत्र)** | **सूची-II (खनिज)** |
|---|---|
| सोनभद्र | चूना पत्थर |
| प्रयागराज | शीशा बालू |
| ललितपुर | ताँबा |
| मिर्जापुर | नॉन प्लास्टिक फायर क्ले |

**94. (d)**

| **नगर** | **उद्योग** |
|---|---|
| अलीगढ़ | ताला |
| मुरादाबाद | पीतल |
| फिरोजाबाद | चूंड़ियां |
| मेरठ | खेल का सामान, खिलौने |

**95. (d)**
उत्तर प्रदेश में हाथ से निर्मित कागज उद्योग मथुरा, जालौन (काल्पी) में तथा कागज लुग्दी उद्योग सहारनपुर में केन्द्रित है जबकि कागज उद्योग के लिए सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रामपुर, रायबरेली, उन्नाव तथा संतकबीर नगर प्रसिद्ध है।

**96.(b)**
गीडा (GIDA) – गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण का संक्षिप्त नाम है। इसकी स्थापना 1989 में गोरखपुर परिक्षेत्र में तीव्र औद्योगिक विकास के उद्देश्य से की गयी।

**97.(b)**

| **नक्षत्रशाला (उ.प्र.)** | **स्थिति** |
|---|---|
| इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला | लखनऊ |
| वीर बहादुर सिंह नक्षत्रशाला | गोरखपुर |
| डॉ. भीमराव अंबेडकर या आर्यभट्ट नक्षत्रशाला | रामपुर |
| जवाहर नक्षत्रशाला | प्रयागराज |

**98.(d)**
निम्नलिखित बाँधों की अवस्थिति सही सुमेलित हैं-

| **बाँध** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| अहरौरा | - | मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश |
| अडवा | - | मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश |
| बघेलखंड | - | बलरामपुर, उत्तर प्रदेश |
| बदुआ | - | बांका, बिहार |

**99.(d)**
वर्ष 2020-21 के चौथे अग्रिम अनुमान के अनुसार उत्तर प्रदेश में भारत के समग्र खाद्यान्न उत्पादन का 18.89% भाग उत्पादित किया जाता है। समग्र खाद्यान्न उत्पादन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है तथा मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर व पंजाब तीसरे स्थान पर है। उत्तर प्रदेश गेहूँ, गन्ना, आलू के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। चावल उत्पादन में उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है जबकि पश्चिम बंगाल प्रथम स्थान पर है।

**100. (a)**
उत्तर प्रदेश एक कृषि प्रधान राज्य है। जहाँ कृषि क्षेत्र में सर्वाधिक कर्मचारी नियोजित हैं। प्रदेश के कुल कर्मकारों में सर्वाधिक लगभग 59.3% लोग कृषि क्षेत्र में नियोजित हैं।